भारत सरकार
पोत परिवहन मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **839** जिसका उत्तर
गुरूवार, **17 सितंबर**, 2020/26 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है

भारतीय पत्तन प्रचालनों पर कोविड-19 का प्रभाव

†839. श्री मनोज कोटक:

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोविड-19 विश्वमारी के कारण भारतीय पत्तन प्रचालनों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अनुमानित कितना घाटा हुआ है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में की गई/प्रस्तावित कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री मनसुख मांडविया)

(क) और (ख): जी हां, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई और अगस्त, 2020 में वर्ष 2019 के इन्हीं महीनों की तुलना में कुल यातायात, कंटेनर यातायात और गैर-कंटेनर यातायात में भारी कमी आई थी। महापत्तनों में कोविड-19 का प्रभाव मार्च, 2020 में शुरू हुआ था। पत्तनों में कोविड-19 के कारण यातायात (कंटेनर और गैर-कंटेनर) के रूप में हुए घाटे का विवरण संलग्न है। तथापि, जून, 2020 से स्थिति में सुधार होना शुरू हो गया है।

(ग) पोत परिवहन मंत्रालय ने सभी पत्तनों को पोतों से उतरने वाले समुद्रकर्मियों अथवा क्रूज यात्रियों के लिए स्क्रीनिंग, पहचान और क्वारेंटाइन प्रणाली शुरू करने, पहुँचने वाले चालक दल/ यात्रियों से स्व-घोषणा प्राप्त करने, थर्मल स्केनर स्थापित करने और निजी सुरक्षा उपकरण (पीपीई) की खरीद तैयार रखने, एन-95 मास्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पत्तनों में यात्रियों और पत्तन कर्मचारियों में जागरूकता उत्पन्न करने के संबंध में समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही, पोत परिवहन मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन महापत्तनों द्वारा बीमारी की निगरानी/जलयान और चालक दल/ यात्री प्रबंधन के लिए मानक प्रचालन पद्धति (एसओपी) तैयार करने, पत्तन प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर जाते समय थर्मल स्केनिंग करने, पत्तन अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड तैयार करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं। इसके अलावा, व्यापार को राहत प्रदान करने के लिए विलंब शुल्क और अन्य दण्ड/प्रभार न लगाने संबंधी विभिन्न एडवाइजरी/परिपत्र जारी किए गए थे। मानवीय हस्तक्षेप के बिना निर्बाध कार्य पद्धति बनाए रखने के लिए विभिन्न तकनीकी/ डिजिटल प्रवर्तनों जैसे, ई-चालान, ई-भुगतान, पीसीएस1एक्स पर ई-डीओ और ई-बीओएल स्थापित करने में शीघ्रता बरती गई थी।

अनुबंध

पत्तनों में कोविड-19 के प्रभाव के कारण यातायात (कंटेनर और गैर-कंटेनर) के रूप में हुए घाटे का विवरण

अवधि	महीने के दौरान कुल यातायात		कंटेनर यातायात				गैर-कंटेनर यातायात	
	(हजार टनों में)	पिछले वर्ष की तुलना में % बदलाव	टनभार (हजार टन)	पिछले वर्ष की तुलना में % बदलाव	टीईयू (हजार में)	पिछले वर्ष की तुलना में % बदलाव	(हजार टनों में)	पिछले वर्ष की तुलना में % बदलाव
जनवरी'20	61344	1.79	12913	3.84	860	2.14	48431	1.25
जनवरी'19	60268		12435		842		47833	
फरवरी'20	57233	4.58	11791	1.24	802	1.01	45442	5.48
फरवरी'19	54729		11647		794		43082	
मार्च'20	61120	-5.25	12006	-10.46	790	-12.51	49114	-3.89
मार्च'19	64510		13408		903		51102	
अप्रैल'20	47422	-21.08	8306	-33.79	542	-36.98	39116	-17.72
अप्रैल'19	60086		12545		860		47541	
मई'20	45399	-23.25	8497	-34.08	563	-35.58	36902	-20.23
मई'19	59151		12890		874		46261	
जून'20	49053	-14.64	9549	-22.19	640	-23.63	39504	-12.59
जून'19	57466		12272		838		45194	
जुलाई'20	51454	-13.23	11464	-13.02	751	-15.24	39990	-13.29
जुलाई'19	59300		13180		886		46120	
अगस्त'20	51611	-10.23	11460	-8.79	762	-13.80	40151	-10.63
अगसत'19	57494		12565		884		44929	

***